DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

THE INDIAN EXPRESS, SATURDAY,

| नवभारत टाइम्स | नई दिल्ली | शनिवार, 10 सितंबर 2022

NAME OF NEWSPAPEनवला। हसनपुर। मधुविहार। आईपी एक्सटेंशन। मिंटो रोड। सिंघु बॉर्डTED---

# करोड़ों के फ्लैट और पानी के लिए लगानी पड़ रही लाइन

## वसंत कुंज के जमुना अपार्टमेंट के लोगों को हो रही दिक्कत

■ एनबीटी न्यूज, वसंत कुंज

**वसंत कुंज** की गिनती साउथ दिल्ली के पॉश इलाकों में होती है, लेकिन यहां के लोगों को इन दिनों पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि लोगों को टैंकर के पानी से गुजारा करना पड़ रहा है। लोग इस पानी को बाल्टी से भर भर कर आठवीं मंजिल पर ले जाने को मजबूर हैं।

वसंत कुंज के गंगा जमुना अपार्टमेंट में दो तरह की बिल्डिंग हैं। एक सामान्य बिल्डिंग जो चार मंजिला बनी हुई है। वहीं, दूसरी हाई राइज बिल्डिंग है जो आठ मंजिला है। पानी की यह समस्या गंगा यमुना अपार्टमेंट के सभी हाई राइज बिल्डिंग में है। इस बिल्डिंग में करीब 684 घर ऐसे हैं जिन घरों में पानी बीते चार-पांच दिनों से बिल्कुल ही नहीं आ रहा है।

यहां रहने वाले लोगों के अनुसार, आरडब्ल्यूए की तरफ से मंगाए गए टैंकर के पानी से काम चलाना पड़ रहा है। पानी की समस्या से घर और किचन का बुरा हाल है। स्थानीय लोगों की माने तो यहां रहने से पहले इन लोगों ने कभी नहीं सोचा था की करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद उन्हें एक दिन ऐसा भी देखना पड़ेगा। सुबह-सुबह हाथों में बाल्टी लिए कतार में खड़ा होना पड़ता है।

आरडब्ल्यू के अध्यक्ष एन.एस मोर ने बताया कि डीडीए द्वारा बनाई गई इस सोसाइटी में पानी डिस्ट्रीब्यूशन का काम खुद डीडीए का है। कॉमनवेल्थ के टाइम में बने इन फ्लैटों में पानी डिस्ट्रीब्यूशन के लिए दो लाइन बिछाई गई थी, एक सामान्य बिल्डिंग के लिए, जबकि दूसरी हाई राइज बिल्डिंग के लिए। पानी सप्लाई के लिए जो पाइप लाइन लगाया गया है उनकी उम्र सामान्यतः लगभग 50 साल होती है, लेकिन 10 से 12 साल में ही पाइपलाइन बुरी तरह डैमेज हो गई है। आरडब्ल्यूए ने कई बार संबंधित विभाग को शिकायत दी है, लेकिन इस समस्या का हल नहीं हुआ। वहीं दूसरी तरफ पानी की समस्या के बाद स्थानीय सोसाइटी में राशन की दुकान पर पानी की बिक्री काफी ज्यादा हो गई है। राशन दुकानदार जो पहले 20 से 30 पानी की बोतल को बेचा करते थे, इस समस्या के बाद यहां से करीब 100 बोतल प्रतिदिन बिक जा रही है।



टैंकर से पानी मिलने के बाद लोग इस पानी को बाल्टी से भर भर कर आठवीं मंजिल तक ले जाने को मजबूर हैं, मार्केट में बढ़ी पानी की बोतलों की डिमांड

### हमारी भी सुनो

- पानी की यह समस्या अपार्टमेंट की सभी हाई राइज बिल्डिंग में है, यहां करीब 684 घरों में पानी बीते चार-पांच दिनों से बिल्कुल ही नहीं आ रहा है
- यहां रहने वाले लोगों के अनुसार, आरडब्ल्यूए की तरफ से मंगाए गए टैंकर के पानी से काम चलाना पड़ रहा है, क्योंकि यहां बिछाई गई पाइपलाइन डैमेज हो गई है

# सीवर में उतरे सफाईकर्मी और गार्ड की मौत

■ **विस, नई दिल्ली:** आउटर दिल्ली के मुंडका स्थित डीडीए अपार्टमेंट में सीवर की ब्लॉकिज चेक करने उतरा सफाई कर्मचारी रोहित (20) वापस नहीं लौटा। इसे देखने सिक्योरिटी गार्ड अशोक कुमार (30) भी उसमें उतरे। दोनों की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल की मॉर्चुरी में रखवा दिया है। पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही है।

मुंडका पुलिस को शुक्रवार दोपहर 3:15 बजे बक्करवाला स्थित पॉकेट-डी, डीडीए फ्लैट न्यू हाइवे अपार्टमेंट, लोक नायक पुरम सोसायटी के मेन गेट के अंदर बने सीवर को साफ करने उतरे दो व्यक्तियों का दम घुटने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस तुरंत फायर ब्रिगेड के साथ मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड ने काफी मशक्कत करने के बाद दोनों को अचेत हालत में बाहर निकाला। दोनों को संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस तफ्तीश में पता चला कि रोहित अपार्टमेंट के भीतर सफाई कर्मचारी है, जिसे सीवर जाम होने पर चेक करने को गया। सिक्योरिटी गार्ड अशोक ऊपर से देख रहे थे। रोहित काफी देर तक बाहर नहीं आए। कई आवाज दी गई। कोई जवाब नहीं मिलने पर अशोक भी सीवर में घुसकर देखने चले गए।

# Trapped cleaning sewer, sweeper, man who tried to rescue him die

EXPRESS NEWS SERVICE
NEW DELHI, SEPTEMBER 9

TWO MEN died after being trapped in a sewer while it was being cleaned in Outer District Friday afternoon, police said. The victims were identified as a sweeper working for the local society, Rohit Chandilya (32), and guard, Ashok (28), who had tried to rescue him.

Police said a call was received regarding the incident at the DDA flats in Pocket D of Loknayak Puram in Bakkarwala. When police reached the spot, they found that the two victims were lying in the sewer unconscious.

Police said that due to a blockage in the sewer, Rohit had gone inside after removing a manhole cover but fell unconscious. Ashok, who went to rescue him, also lost consciousness.

Two other people, including a plumber, tried to rescue them, but became uneasy due to poisonous gases in the sewer. They were saved by residents, but Ashok and Rohit were too deep inside to reach, police said.

While calls were made to the Delhi Fire Services, a JCB and hammer were arranged in the meantime by police to break the ground around the manhole. This was done by the time a DFS vehicle arrived around 5 pm.

The victims were taken to the Rathi Hospital nearby, where they were declared dead on arrival.


Sameer Sharma, DCP (Outer), said: "The bodies have been preserved at SGM mortuary. A case has been registered under Section 304a (death by negligence)."

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS------- THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI SATURDAY, SEPTEMBER 10, 2022 ------DATED-------------------

# Spread over 25 acres, a nursery and eco-tourism hub: Green land in north Delhi to get makeover

Sidhartha.Roy@timesgroup.com




**New Delhi:** The Delhi Development Authority (DDA) has started working on the development of a "world-class" nursery in north Delhi's Ashok Vihar. The project, named "Vaishnavi", is coming up over a 25-acre site and is aimed not just as a nursery to provide saplings to different government agencies but also as an eco-tourism hub.

In May this year, lieutenant governor VK Saxena had visited various locations across the capital for site inspection and then zeroed in on the plot at Khojawala Bagh in Ashok Vihar. The LG had directed the DDA, which is the land-owning agency, to put forth a plan of action with concrete timelines.

According to sources, a DDA site office is already available at the location and it has stated the work of constructing a boundary wall. The work of designing to integrate fragmented patches of the plot is also going to be carried out, apart from getting necessary approvals from other government departments.

The proposed nursery will not only serve as a common and extensive resource pool for sourcing horticultural requirements of the city, but also serve as a favoured destination for ecotourism for the citizens and visitors of Delhi, according to officials. The idea is also to prevent degradation of unused land, check encroachments and create a green space where different tenets of sustainable development could co-exist, Raj Niwas had earlier said in a statement.

Spread over 25 acres of existing fallow and wasteland, the nursery once developed will have different varieties of indigenous, medicinal, exotic, ecology and topography compliant flora available for use by government agencies as well as the public. It will also house landscaped greens, cafeteria, walkways, public utilities and an inherent flower display that will serve as a recreational destination and tourist attraction for Delhiites and those visiting the capital.

According to officials, the area will be divided into different sections and apart from the nursery, which will have seedbeds, vermicompost pits, storage facilities, etc., the other parts of the projects will feature urban park with landscaped greens, an open gym and a play area. There will also be an amphitheatre for performing arts, a food court and a cafeteria, an "eco bazaar", sale counters and other attractions.

There are also plans to have a conservatory with beehives, an Orchidarium and a butterfly garden. The nursery will also feature a waterbody, along with a constructed wetland and a viewing deck.

Situated right beside the Jailor Wala Bagh "in situ slum rehabilitation" project of the DDA under the Pradhan Mantri Awas Yojana, the nursery is expected to provide an enhanced eco-friendly environmental experience to residents of the nearby areas, such as Ashok Vihar, Wazirpur, Shalimar Bagh and Azadpur.

Hindustan Times NEW DELHI SUNDAY SEPTEMBER 11, 2022

# Families demand answers after 2 die of suffocation in sewer tank

HT Correspondent
letters@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** A day after two men died of suffocation after entering a sewer in outer Delhi's Mundka, the family members of the deceased on Saturday demanded a police probe against those who sent them down the manhole.

Rohit Chandeliya, 32, who worked as a sweeper at a DDA colony in Bakkarwala, Mundka had entered a sewerage tank on Friday afternoon. When he failed to reappear, security guard Ashok Kumar, 30, entered the sewer to rescue Chandeliya.

A team of police and fire officials used an earth mover to break open the road near the manhole cover and bring the two out. They were rushed to Rathi hospital, where they were declared brought dead.

Chandeliya's brother-in-law Satish Kumar told reporters, "Rohit was not a sewage cleaner... Police must probe who tasked them to clean the sewer. The association members of the colony have not told us who sent Rohit to the clean the sewer without any safety gear."

Police have filed a case of causing death due to negligence.

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPER नई दिल्ली, 10 सितंबर, 2022 दैनिक जागरण DATED----------------------

# लोकनायक पुरम में सीवर सफाई के दौरान घुटा दम, दो की मौत

**जागरण संवाददाता, पश्चिमी दिल्ली :** मुंडका थाना क्षेत्र स्थित लोकनायक पुरम कालोनी में सीवर की सफाई के दौरान दो लोगों की मौत दम घुटने से हो गई। मृतकों की पहचान रोहित व अशोक के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार रोहित यहां सफाईकर्मी थे, जबकि अशोक यहां गार्ड थे। मुंडका थाना पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में सुरक्षित रखवा दिया है। इस मामले में डीडीए के अधिकारी ने अनभिज्ञता जताई है।

लोकनायक पुरम डीडीए द्वारा सुनियोजित तरीके से बसाई गई कालोनी है। द्वारका परियोजना के मुख्य अभियंता पर यहां की देखरेख की जिम्मेदारी है। इस कालोनी के पाकेट डी स्थित न्यू हाइवे अपार्टमेंट में सीवर लाइन से जुड़ी समस्या पिछले कुछ दिनों से थी। यहां रहने वाले लोगों का कहना है कि सीवरलाइन से जुड़ी समस्या की जानकारी डीडीए अधिकारी को लगातार दी जा रही थी। शुक्रवार को डीडीए से कुछ लोग सीवर सफाई के लिए पहुंचे। उन्होंने यहां सोसायटी में काम करने वाले रोहित को मैनहोल में उतरने के लिए मनाया। लेकिन रोहित को कोई सुरक्षा उपकरण नहीं दिया गया। जान जोखिम में डाल रोहित अंदर गए, लेकिन वह वापस नहीं लौटे। उन्हें अंदर गए करीब 10 मिनट बीत गए, तो लोगों को आशंका हुई। पुलिस का कहना है कि रोहित के उतरने के बाद करीब 10 मिनट बाद सोसायटी के गार्ड अशोक उनका हाल जानने अंदर गए। लेकिन वे भी नहीं बाहर नहीं आ सके। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस की सूचना पर यहां दमकलकर्मी भी पहुंचे। सीवर के अंदर दाखिल होने के लिए आसपास खोदाई की गई, ताकि मैनहोल का ऊपरी हिस्सा चौड़ा हो सके। जब दमकलकर्मी अंदर गए, तबतक दोनों की मौत हो चुकी थी। दोनों शवों को बाहर निकाला गया।



- सफाई करने उतरे पहले व्यक्ति के न निकलने पर खोज खबर लेने उतरे दूसरे व्यक्ति की भी मौत
- **लोकनायक पुरम में सीवर की देखरेख की जिम्मेदारी डीडीए की, डीडीए अधिकारी मामले से अनभिज्ञ**

इसी जगह पर सीवर में सफाई करते हुए दो लोगों की हुई मौत • सौ. सुधी पाठक

## डीडीए की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

स्थानीय लोगों का कहना है कि डीडीए अधिकारियों की मौजूदगी में पहले रोहित और फिर अशोक को बिना किसी सुरक्षा उपकरण के सीवर के मैनहोल में उतरने दिया गया। आखिर ऐसा क्यों किया गया? ऐसा भी नहीं है कि यह कार्य अचानक डीडीए अधिकारियों के समझ आया हो। डीडीए अधिकारी सोसायटी परिसर में इसी कार्य के लिए आए थे, बावजूद उनके पास सुरक्षा उपकरण का नहीं होना एक गंभीर लापरवाही है।

---

**हिन्दुस्तान**
नई दिल्ली
शनिवार
10 सितंबर 2022

# सीवर सफाई के लिए उतरे दो लोगों की जान गई

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददता।** बक्करवाला स्थित लोकनायक पुरम कॉलोनी में सीवर की सफाई के दौरान दो व्यक्तियों की मौत दम घुटने से हो गई। जिनकी मौत हुई है, उनमें रोहित व अशोक शामिल हैं। सोसायटी के लोगों का कहना है कि रोहित यहां सफाईकर्मी जबकि अशोक गार्ड था। मुंडका थाना पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि लोकनायक पुरम कॉलोनी में शुक्रवार को डीडीए से कुछ लोग सीवर सफाई के लिए पहुंचे। सोसायटी में काम करने वाले रोहित को मैन होल में उतरने के लिए मनाया। लेकिन सुरक्षा उपकरण नहीं दिया गया। रोहित अंदर गया पर वापस नहीं लौटा। करीब 10 मिनट बाद सोसायटी में कार्यरत गार्ड अशोक उसका हाल जानने अंदर गए। लेकिन वे भी बाहर नहीं आया।

---

नई दिल्ली, 11 सितंबर, 2022 **दैनिक जागरण** 7

# सीवर सफाई के दौरान दो लोगों की मौत मामले की डीडीए करेगा जांच

**जागरण संवाददाता, पश्चिमी दिल्ली :** मुंडका थाना क्षेत्र के लोकनायमक पुरम में शुक्रवार को सीवर की सफाई के दौरान दो लोगों की मौत के मामले में डीडीए ने जांच शुरू कर दी है। कार्यपालक अभियंता ने सहायक अभियंता को इस मामले में जल्द जांच पूरी कर रिपोर्ट जमा करने को कहा है। वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि यह जांच का विषय है कि किसके कहने पर सीवर की सफाई के लिए मैनहोल के ढक्कन को खोला गया था। यह भी पता किया जा रहा है कि इस कार्य के लिए पहले अनुमति ली गई थी या नहीं। घटना में जिसकी भी लापरवाही सामने आएगी, उसके खिलाफ कार्रवाई करने की बात अधिकारी कर रहे हैं।

डीडीए के अधिकारी का कहना है कि जिस जगह यह हादसा हुआ है वहां मैनहोल की गहराई भी बहुत अधिक नहीं है। उस स्थान की गहराई अधिकतम पांच फुट होगी। इतनी कम गहराई में इस तरह का हादसा आश्चर्य की बात है।

---

# एलजी ने किया नीला हौज बायो डायवर्सिटी पार्क का दौरा



नीला हौज बायो डाइवर्सिटी पार्क का निरीक्षण करते एलजी वीके सक्सेना • सौ. एलजी हाउस

**राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली:** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा विकसित नीला हौज बायो डायवर्सिटी पार्क का शनिवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दौरा किया। उन्होंने इसे एक माडल के रूप में विकसित करने के लिए डीडीए की सराहना की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अन्य प्रमुख नालों पर सीवेज पानी के प्राकृतिक उपचार के लिए समान निर्मित वेटलैंड सिस्टम विकसित करने की संभावना तलाशें।

इस बायो डायवर्सिटी पार्क को नीला हौज झील के रूप में विकसित किया गया है। यह एक प्राकृतिक जल निकाय है और दक्षिणी दिल्ली को पीने के पानी की आपूर्ति के लिए इसका उपयोग किया जाता रहा है। डीडीए ने कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाकर झील को फिर से बहाल किया है। इसमें कच्चे सीवेज के उपचार के लिए एक प्रकृति आधारित समाधान और झील की बहाली के लिए उपचारित पानी का उपयोग किया गया। दक्षिणी दिल्ली से काफी लोग यहां घूमने के लिए आते हैं और यहां की हरियाली देखकर प्रभावित होते हैं। आसपास घनी हरियाली के चलते पानी गहरे हरे रंग का नजर आता है।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS------ SUNDAY TIMES OF INDIA, NEW DELHI SEPTEMBER 11, 2022 -DATED-----------------------

# Neela Hauz project model of urban rejuvenation: LG

TIMES NEWS NETWORK

**New Delhi:** Lieutenant governor V K Saxena on Saturday visited the Neela Hauz Biodiversity Park developed by Delhi Development Authority (DDA) in south Delhi and described it as an "exemplary model of urban rejuvenation".

Upon witnessing the natural water treating system that includes in situ remediation of sewage water through two oxidation/stabilisation ponds, filtration zone and aquatic plants without using any power, and the quality of treated water thereof, Saxena directed officials to explore the possibility of developing such systems over other major drains in the national capital.

Developed over seven acres of land, the Neela Hauz lake, now been transformed into a biodiversity park, is a natural waterbody and used to supply drinking water to south Delhi. It was nearly extinct or dead due to rapid urbanisation and construction of a bridge on Aruna Asif Ali Road across the lake.

The waterbody was restored through desiltation and excavation of solid waste dumps, in situ biological remediation of 1 MLD of raw sewage — the only source of water to the lake — use of desilted and excavated material for making the embankment and development of vegetation to maintain the water quality.

"The novelty of Neela Hauz Biodiversity Park is the development of an integrated constructed wetland system (CWS), a nature-based solution for in situ remediation of raw sewage — and use of treated water for restoration of the lake. The CWS design works on the same principle as that of a sewage treatment plant, but without energy," said an official.



Saxena directed officials to explore the possibility of developing Neela Hauz-like water treatment systems over major drains in Delhi

हिन्दुस्तान

# उपराज्यपाल ने नीला हौज के विकास पर डीडीए को सराहा

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। डीडीए द्वारा विकसित नीला हौज बायो-डायवर्सिटी पार्क का शनिवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दौरा किया। उन्होंने इसे बेहतरीन ढंग से विकसित करने के लिए डीडीए की सराहना की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अन्य प्रमुख नालों पर सीवेज पानी के प्राकृतिक उपचार के लिए समान निर्मित वेटलैंड सिस्टम विकसित करने की संभावना तलाशें।

इस बॉयो डाइवर्सिटी पार्क को नीला हौज झील के रूप में विकसित किया गया है। यह एक प्राकृतिक जल निकाय है और दक्षिण दिल्ली को पीने के पानी की आपूर्ति के लिए इसका उपयोग किया जाता रहा है। झील के पास पीडब्ल्यूडी द्वारा अरुणा आसिफ अली सड़क पुल के निर्माण की वजह से झील लगभग विलुप्त हो गई थी। डीडीए द्वारा झील को फिर से बहाल किया गया है। इस पार्क की नवीनता एकीकृत निर्मित आर्द्रभूमि प्रणाली का विकास है। इसमें कच्चे सीवेज के इन-सीटू उपचार के लिए एक प्रकृति आधारित समाधान और झील की बहाली के लिए उपचारित पानी का उपयोग किया गया, जो लगभग विलुप्त झील थी।

। संडे नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । 11 सितंबर 2022

# बड़े नालों पर बायो डायवर्सिटी पार्क बनाने की संभावना तलाशे डीडीए : एलजी

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

एलजी वी. के. सक्सेना ने शनिवार को नीला हौज बायो डायवर्सिटी पार्क का दौरा किया। इस बीच एलजी ने इस वेटलैंड सिस्टम को शहरी कायाकल्प का मॉडल बताते हुए डीडीए की प्रशंसा की। इस दौरान उन्होंने डीडीए को निर्देश देते हुए कहा कि राजधानी के बड़े नालों पर भी इस तरह के सिस्टम की संभावनाओं को तलाशा जाए और उन्हें इसी तर्ज पर विकसित करें।

नीला हौज में सीवेज के पानी को प्रकृतिक तरीके से साफ कर उसका इस्तेमाल किया गया है। इसके लिए यहां ऑक्सीडेशन तालाब, फिल्ट्रेशन जोन और पानी के पौधों का इस्तेमाल किया गया है। नीला हौज बायोडायवर्सिटी पार्क नीला हौज झील के आसपास विकसित किया गया है। यह प्रकृतिक झील साउथ दिल्ली में पानी सप्लाई का बड़ा स्रोत है। झील एक समय लगभग दम तोड़ चुकी थी। इसकी वजह यहां लेक के आसपास पीडब्ल्यूडी ने अरुणा आसिर रोड पर ब्रिज बना दिया था और झील के आसपास तेजी से शहरीकरण भी हुआ। इसके बाद डीडीए ने इस झील को पुनर्जीवीत किया। इस झील में एक एमएलडी सीवेज के पानी को नदी जितना साफ किया जाता है।

एलजी ने शनिवार को नीला हौज बायो डायवर्सिटी पार्का का दौरा किया और दिए निर्देश



DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPE 4 दैनिक जागरण नई दिल्ली, 11 सितंबर, 202 ED

दिल्ली जागरण

# 'पहले आओ, पहले पाओ' आफर के साथ डीडीए ला रहा योजना

## शुरुआत की जाएगी तीन टावर और एक हजार फ्लैटों के साथ

संजीव गुप्ता● नई दिल्ली

आमजन को भले ही दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के फ्लैट ज्यादा पसंद नहीं आ रहे हों, लेकिन दिल्ली पुलिस सहित कई अर्ध सैनिक बल जल्द ही इनको खरीद सकते हैं। इनकी ओर से डीडीए को थोक में फ्लैट खरीदने की इच्छा भी जताई गई है। उधर, पहले आओ, पहले पाओ आफर के साथ एक नई आवासीय योजना भी डीडीए सोमवार को लांच करने जा रहा है। योजना में शामिल किए जा रहे सभी फ्लैट डीडीए की पूर्ववर्ती योजनाओं में आवंटियों द्वारा अलग अलग कारणों से वापस कर दिए गए थे।

डीडीए की 2014, 2017, 2019 व 2021 की आवासीय योजनाओं में शामिल रहे इन फ्लैटों की संख्या आठ हजार से अधिक है। डीडीए ने इन फ्लैटों को बेचने के लिए केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय को पहले आओ, पहले पाओ की स्कीम पर आवासीय योजना निकालने का प्रस्ताव भेजा था। अधिकारियों के मुताबिक मंत्रालय ने

> पहले आओ, पहले पाओ आफर के साथ आवासीय योजना पर मंत्रालय से मंजूरी मिलने के बाद अब सोमवार से यह स्कीम लांच कर देने की कोशिश है। शुरुआत में थोड़े कम ही फ्लैट रखे जा रहे हैं क्योंकि हमारी बातचीत दिल्ली पुलिस सहित कुछ अर्धसैनिक बलों के साथ भी चल रही है। इनकी ओर से पूरा पूरा टावर खरीदने की इच्छा जताई गई है।
>
> **बी एस यादव**, आवास आयुक्त, डीडीए

इस स्कीम को अपनी स्वीकृति दे दी है। सोमवार को नई आवासीय योजना लांच करने की तैयारी चल रही है।

पूरी तरह से आनलाइन इस आवासीय योजना के पहले चरण में नरेला के तीन टावरों और करीब एक हजार फ्लैटों की लोकेशन डाली जाएगी। जब यह बुक होने लगेंगे तो फिर इनमें दूसरी लोकेशन के और फ्लैट भी डाल दिए जाएंगे। एक साथ सारे फ्लैट ना डालने की वजह डीडीए की कुछ सुरक्षा बलों के साथ चल रही बातचीत भी है। उनकी ओर से कहा गया है कि जो टावर वे लें, उसमें फिर कोई सिविलियन नहीं होना चाहिए। अधिकारियों के मुताबिक यह नई योजना उन्हीं जगहों पर लागू होगी जहां पिछली योजनाओं में 50 प्रतिशत से ज्यादा फ्लैट नहीं बिक पाए थे। फ्लैटों की बिक्री सभी के लिए खुली रहेगी। चाहे कोई व्यक्ति लेना चाहे या संस्था, कोई राज्य सरकार लेना चाहे विभाग, कोई स्वायत्त संस्थान खरीदना चाहे अथवा कोई और। कोई एक फ्लैट भी ले सकता है और अनेक भी। ऐसी भी कोई शर्त नहीं रहेगी कि जिसके पास पहले से अपना घर या फ्लैट हो; वो आवेदन नहीं कर सकता।

**पूरी राशि देने के लिए मिलेगा तीन माह का समय:** योजना लांच होने के बाद इसमें शामिल फ्लैट, जिसे जो पसंद आए, डीडीए को आवेदन कर निर्धारित अग्रिम भुगतान कर सकता है। इसके बाद डीडीए उसे डिमांड नोट जारी कर देगा। आवंटी को पूरी राशि का भुगतान करने के लिए तीन माह का समय दिया जाएगा। भुगतान हो जाने पर कब्जा पत्र जारी कर दिया जाएगा।

खरीदार की खोज >> संपादकीय

# खरीदार की खोज

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) सोमवार को नई आवासीय योजना की घोषणा करने जा रहा है। इसमें पुरानी आवासीय योजनाओं में आवंटियों द्वारा वापस किए गए फ्लैट शामिल किए जाएंगे। इन फ्लैट के खरीदार मिल सकें, इसके लिए नया प्रलोभन दिया जा रहा है। न तो आवेदन करने के बाद लाटरी में नाम निकलने का इंतजार करना होगा और न ही आवेदक के लिए दिल्ली में उसके नाम से घर नहीं होने जैसी कोई शर्त रखी जाएगी। पहले आओ, पहले पाओ की तर्ज पर कोई भी व्यक्ति निर्धारित राशि जमा कर फ्लैट खरीद सकता है। इससे पता चलता है कि डीडीए को अपने पुराने फ्लैट बेचने में कितनी मुश्किल हो रही है। वर्ष 2014, 2017, 2019 और 2021 की आवासीय योजनाओं के आठ हजार से ज्यादा फ्लैट अभी बचे हुए हैं। इन्हें बेचने के लिए कई तरीके अपनाए गए, पर लोग आकर्षित नहीं हुए। अब फिर से इन्हें बेचने की कोशिश हो रही है।

> डीडीए को अपने कामकाज में सुधार करने के साथ लोगों की सुविधा और पसंद के हिसाब से ही आवासीय योजना तैयार करनी चाहिए

फ्लैटों के खरीदार न मिलने से डीडीए के कामकाज पर भी सवाल उठता है। इसके लिए कहीं-न-कहीं डीडीए खुद जिम्मेदार है। खरीदार न मिलने के बड़े कारण फ्लैट की ज्यादा कीमत और छोटा आकार, सार्वजनिक परिवहन व अन्य सुविधाओं का अभाव है। डीडीए के बचे हुए अधिकांश फ्लैट दूरदराज के इलाके में बने हैं जहां सुविधाओं का अभाव है। ऐसे में लोग इन्हें खरीदने नहीं आ रहे हैं। डीडीए को इससे सबक लेते हुए कामकाज में सुधार करना चाहिए। लोगों की सुविधा और पसंद को ध्यान में रखकर आवासीय योजना तैयार करनी चाहिए।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS- नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । सोमवार, 12 सितंबर 2022 D------------------

# कहीं पार्कों में धूल-मिट्टी से लोग परेशान तो कहीं रहता है अंधेरा

## आउटर और वेस्ट दिल्ली के ज्यादातर पार्क बदहाल, लोगों ने जताई नाराजगी

■ राजेश पोद्दार, नई दिल्ली

NBT रिएलिटी चेक

आउटर और वेस्ट दिल्ली के ज्यादातर पार्कों की हालत बेहद खराब है। कहीं सैर के लिए आए लोगों को पार्क में उड़ती धूल-मिट्टी परेशान कर रही है तो कहीं लाइट्स नहीं होने की वजह से लोग शाम के बाद यहां आने में डर रहे हैं। लगातार मिल रही शिकायतों के चलते हमने एनबीटी सुरक्षा कवच ग्रुप के सदस्यों के साथ मिलकर उनके एरिया के कुछ पार्कों का हाल जाना।



कुरैनी गांव का डीडीए पार्क भी बदहाल है, यहां हरियाली काफी कम है और बाउंड्री वॉल कई जगह से टूटी है

**नरेला:** घोरगढ़ और कुरैनी गांव के डीडीए पार्क बदहाल नजर आए। कुरैनी पार्क में हरियाली गायब हो चुकी है। लोगों का कहना है कि धूल-मिट्टी की वजह से वे यहां आना पसंद नहीं करते हैं। पार्क की बाउंड्रीवॉल कई जगह से टूटी हुई है। नरेला के बांकनेर गांव की गोंडा रोड महिला पार्क की हालत भी खस्ता है। पार्क की एक दीवार पिछले कई महीनों से टूटी हुई है। पार्क में एक समर्सिबल लगाने का काम भी चल रहा है लेकिन बोरवेल खुला हुआ है जो कभी भी हादसे की वजह बन सकता है।

**मंगोलपुरी:** जी ब्लॉक आंबेडकर पार्क की हालत पिछले कई साल से बदहाल थी, जिसको लेकर कई बार शिकायत की गई। जब उन शिकायतों पर कोई एक्शन नहीं हुआ तो स्थानीय लोगों ने खुद ही उस पार्क की मेंटिनेंस का जिम्मा उठाया। यहां रहने वाले दीपक ने बताया कि स्थानीय लोगों ने संस्था की मदद से इस पार्क को ठीक किया है। यहां पर पहले धूल-मिट्टी उड़ती रहती थी, अब हरियाली दिखाई देती है। लेकिन, लोगों के बैठने के लिए बेंच और लाइट्स नहीं हैं।



बांकनेर गांव के महिला पार्क की टूटी बाउंड्री की नहीं किसी को सुध

**इंद्रपुरी:** सी-ब्लॉक पार्क की हालत खराब है इसकी बाउंड्रीवॉल का प्लास्टर कई जगह से उखड़ गया है। सड़क पर गंदगी का ढेर पड़ा रहता है। इतना ही नहीं पार्क में महीनों से पेड़ों की कटाई नहीं हुई है जिसके कारण पेड़ काफी नीचे तक आ चुके हैं। शाम ढलते ही इस पार्क में भी अंधेरा छा जाता है। स्थानीय निवासी धीरज बजाज ने बताया कि पार्क के पास सड़क पर पानी जमा होता है, जिसमें मच्छर पनपते हैं।



पीतमपुरा के यूपी ब्लॉक, पॉकेट 52 के पार्क में फैला कचरा

**पीतमपुरा:** यूपी ब्लॉक, पॉकेट 52 के पार्क में चारों तरफ गंदगी देखने को मिलती है। सुरक्षा कवच ग्रुप के सदस्य सागर ने बताया कि पार्क की हालत को लेकर शिकायत भी की जा चुकी है लेकिन कोई एक्शन नहीं होता है। पार्क नगर निगम के अधीन है, यहां माली और दूसरे संबंधित कर्मचारियों के नाम और कॉन्टेक्ट नंबर लिखे हैं लेकिन ये वर्कर पार्क में साफ सफाई के लिए नहीं पहुंचते हैं, जिससे गंदगी रहती है।



रोहिणी के सेक्टर-6 परशुराम पार्क में लाइट नहीं होने से अंधेरा छा जाता है

**रोहिणी:** स्थानीय आरडब्ल्यूए से संजय चौरसिया ने बताया कि सेक्टर-6 परशुराम पार्क में शाम के बाद अंधेरा रहता है। ऊबड़-खाबड़ फुटपाथ पर लोगों का चलना मुश्किल हो जाता है। रोहिणी सेक्टर-15 आलोक कुंज में करीब 9 पार्क हैं, यहां स्ट्रीट लाइटों की कमी की वजह से शाम के वक्त लोगों के लिए मुश्किल हो जाता है। आरडब्ल्यूए के प्रेजिडेंट एसपी गोयल ने बताया कि हमने खुद ही पार्क मेंटेन किया है, लेकिन लाइट्स नहीं हैं।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS---------------हिन्दुस्तान-----DATED नई दिल्ली, सोमवार, 12 सितंबर 2022

# डीडीए फ्लैट के लिए आज से आवेदन

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के आठ हजार फ्लैट के लिए लोग सोमवार से आवेदन कर सकेंगे। योजना में शामिल फ्लैट डीडीए की पूर्ववर्ती योजनाओं में आवंटियों द्वारा अलग-अलग कारणों से वापस कर दिए गए थे। 2014, 2017, 2019 व 2021 की आवासीय योजनाओं में शामिल रहे, इन फ्लैट की संख्या आठ हजार से अधिक है।

प्राधिकरण ने इन फ्लैटों को बेचने के लिए केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय को पहले आओ, पहले पाओ की स्कीम पर आवासीय योजना निकालने का प्रस्ताव भेजा था, जिसे मंजूर कर लिया गया है।

**सबसे पहले नरेला के फ्लैट होंगे बुक :** पूरी तरह से ऑनलाइन इस योजना के पहले चरण में नरेला के तीन टावर और करीब एक हजार फ्लैटों की लोकेशन डाली जाएगी। जब यह बुक होने लगेंगे तो फिर इनमें दूसरी लोकेशन के और फ्लैट भी शामिल किए जाएंगे।

एक साथ सारे फ्लैट शामिल न करने की वजह यह है कि डीडीए की कुछ सुरक्षा बलों के साथ बातचीत भी चल रही है। अधिकारियों के मुताबिक, यह योजना उन्हीं जगहों पर लागू होगी, जहां पिछली योजनाओं में 50 प्रतिशत से ज्यादा फ्लैट नहीं बिक पाए थे। फ्लैटों की बिक्री सभी के लिए खुली होगी।

## पूरी राशि देने के लिए मिलेगा तीन माह का समय

डीडीए के अधिकारियों ने बताया कि योजना लांच होने के बाद इसमें शामिल फ्लैट के लिए डीडीए के पास ऑनलाइन आवेदन कर निर्धारित अग्रिम भुगतान कर सकता है। इसके बाद डीडीए उसे डिमांड नोट जारी कर देगा। इसके तहत आवंटी को पूरी राशि का भुगतान करने के लिए तीन माह का समय दिया जाएगा। पूरी राशि का भुगतान हो जाने पर डीडीए की ओर से कब्जा पत्र जारी कर दिया जाएगा।

। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । सोमवार, 12 सितंबर 2022

# डीडीए की ऑनलाइन हाउसिंग स्कीम-2022 के लिए आज से आवेदन शुरू

## पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर नरेला में 8500 फ्लैट्स

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**डीडीए की** ऑनलाइन हाउसिंग स्कीम-2022 के लिए आज से आवेदन प्रक्रिया शुरू हो रही है। इस स्कीम के तहत नरेला सबसिटी में डीडीए ने पहले आओ पहले पाओ के आधार पर फ्लैट्स निकाले हैं। स्कीम में ईडब्ल्यूएस और एलआईजी के करीब 8500 फ्लैट्स शामिल किए गए हैं।



डीडीए के अनुसार फ्लैट्स की बुकिंग पूरी तरह ऑनलाइन होगी। डीडीए के नरेला में काफी संख्या में फ्लैट्स बचे हुए हैं। इन्हें बेचने के लिए डीडीए अब तक कई बार मेन स्ट्रीम हाउसिंग स्कीम में फ्लैट्स शामिल कर चुकी है, लेकिन जनता इन फ्लैट्स को पूरी तरह नकार चुकी है। यही वजह है कि अब इन फ्लैट्स को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर उतारा गया है। डीडीए को उम्मीद है कि स्कीम के तहत वे लोग फ्लैट्स बुक करवाएंगे, जिन्हें वाकई में दिल्ली में घर की जरूरत है। फ्लैट बुक करवाने के लिए ईडब्ल्यूएस से बुकिंग राशी 10 हजार रुपये और एलआईजी के लिए बुकिंग राशि 15 हजार रुपये तय की गई है।

**स्कीम में ईडब्ल्यूएस और एलआईजी के करीब 8500 फ्लैट्स शामिल**

इस स्कीम का फायदा यह है कि कस्टमर ऑनलाइन पेमेंट कर अपना फ्लैट तुरंत बुक या रिजर्व करवा सकते हैं। इस स्कीम में क्रेडिट लिंक्ड योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी लोगों को मिलेगा। डीडीए के अनुसार नरेला के विकास के लिए डीडीए ने कई कदम उठाए हैं। इनमें बुनियादी ढांचे में निवेश किया गया है। जिसके तहत यहां चौड़ी सड़कों और पानी सप्लाई की लाइन डाली गई हैं। रिठाला-बवाना-नरेला कॉरिडोर के लिए चौथे फेज में मेट्रो लाइन के निर्माण में भी डीडीए ने योगदान दिया है। एनएचएआई की यूईआर स्ट्रैच से भी नरेला सीधा जुड़ेगा। नरेला के विभिन्न सेक्टरों में विभिन्न पुलिस थानों के निर्माण के लिए दिल्ली पुलिस को जमीन आवंटित की गई है। आम जरूरतों के लिए यहां डेयिरयों और रिटेल स्टोर की दुकानें आवंटित की गई हैं। अधिक जानकारी के लिए dda.gov.in या eservices.dda.org.in पर क्लिक किया जा सकता है।

## नरेला सब सिटी क्यों बनती जा रही सुनसान?

■ पिछले करीब दो दशक से डीडीए राजधानी की तीसरी सब सिटी नरेला को विकसित करने की कोशिश कर रहा है। लेकिन दो दशक बाद भी लोग इसे सुनसान शहर कह रहे हैं। नरेला में ऊंची बिल्डिंग, हरियाली, चौड़ी सड़कें सब नजर आते हैं, लेकिन आबादी नहीं है। फ्लैट्स को बेचने के लिए अब डीडीए ने पहले आओ पहले पाओ के आधार पर ऑनलाइन रनिंग योजना-2022 की घोषणा कर दी है।

नरेला में डीडीए के गोल्डन अपार्टमेंट के लोग कहते हैं कि यहां 1600 फ्लैट्स हैं, इनमें से 600 में लोग रह रहे हैं। अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों के अनुसार वह भी अपने फ्लैट्स को सरेंडर करना चाहते थे, लेकिन कुछ वजहों से सरेंडर नहीं कर सकते। अब यह फ्लैट्स बिक भी नहीं रहे हैं। लोगों के अनुसार, यहां चंद किलोमीटर की दूरी तय करना बहुत मुश्किल है। बस स्टॉप तक जाने के लिए भी काफी पैदल चलना पड़ता है। मेट्रो स्टेशन तो यहां है ही नहीं।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPE

नई दिल्ली, 12 सितंबर, 2022 दैनिक जागरण

# सीरी फोर्ट स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में दें सुविधाएं : एलजी

जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली : उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने रविवार को सीरी फोर्ट स्पोर्ट्स कांप्लेक्स और कुतुब गोल्फ कोर्स का दौरा किया। उन्होंने यहां दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की ओर से उपलब्ध कराए जा रहे खेल संबंधी व अन्य सुविधाओं, शूटिंग रेंज, स्वीमिंग पूल, इंडोर बैडमिंटन स्टेडियम का भी जायजा लिया। एलजी सक्सेना के साथ डीडीए के उपाध्यक्ष सहित अन्य कई उच्चाधिकारी मौजूद रहे। एलजी ने अधिकारियों को परिसर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।



कुतुब गोल्फ कोर्स मे अधिकारियों के साथ मुआयना करने पहुंचे उपराज्यपाल वीके सक्सेना (नीली टी शर्ट में) ● सौजन्य : राजनिवास

उन्होंने स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स के सदस्यों और उपयोगकर्ताओं से बातचीत भी की] जिन्होंने नियमित साफ-सफाई न होने की बात बताई। इस पर उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सीरी फोर्ट कांप्लेक्स में दो महीने के भीतर सारी सार्वजनिक सुविधाओं को बढ़ाने व साफ-सफाई की व्यवस्था को सुचारू करने के आदेश तत्काल प्रभाव से दिए। साथ ही इमारतों की मरम्मत इत्यादि कराने के भी निर्देश दिए। चूंकि कांप्लेक्स में 27 से ज्यादा खेलों की सुविधा उपलब्ध है, इससे यहां खिलाड़ियों व एथलीटों की भारी संख्या के साथ ही साधारण लोग भी खेल व प्रैक्टिस के लिए आते रहते हैं। कुतुब गोल्फ कोर्स में डीडीए की ओर से उपलब्ध कराई गई विश्व स्तर की सुविधाओं की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि लोगों को गोल्फ कोर्स में उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाना चाहिए।

THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI
MONDAY, SEPTEMBER 12, 2022

# 'Speed up maintenance of Siri Fort complex'

**New Delhi:** Lieutenant governor VK Saxena took stock of Delhi Development Authority's Siri Fort sports complex and Qutub Golf Course on Sunday.

Inspecting the shooting range, swimming pool, indoor badminton stadium and other facilities at the Siri Fort sports complex, Saxena instructed officials to maintain higher levels of cleanliness and upkeep, Raj Niwas said in a statement.

The LG interacted with the members and users at the complex who apprised him of lack of cleanliness in certain areas, following which Saxena issued immediate instructions to carry out the necessary maintenance work within two months, it said. He stressed on ensuring cleanliness and hygiene in the toilets, bathrooms and changing rooms for the users.

The LG also pointed out minor structural damages and instructed the officials to spruce up the buildings to give it a refurbished look and enhance public amenities.

The LG also interacted with the visitors and members during an inspection of the Qutub Golf Course. He asked the DDA officials to explore commercial exploitation of the facility for its financial sustainability. TNN

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

Hindustan Times

NAME THE SUNDAY EXPRESS, SEPTEMBER 11, 2022 -----------DATED--- NEW DELHI MONDAY SEPTEMBER 12, 2022

TRAPPED CLEANING SEWER, 2 DEAD IN OUTER DELHI

# 'He was made to clean sewer, wasn't his job': Kin of sweeper





**The incident took place on Friday afternoon at a DDA apartment complex at Loknayak Puram; Ashok's brother at the SGM hospital mortuary, Saturday.** *Gajendra Yadav*

**MALAVIKA PRASAD**
NEW DELHI, SEPTEMBER 10

A DAY after two men died after being trapped in a sewer while it was being cleaned in Outer District's Bakkarwala area Friday afternoon, the family of one of the victims alleged he was made to clean the sewer even though it was not his job to do so.

The incident took place on Friday afternoon at a DDA apartment complex in Pocket D, Loknayak Puram. Police said the victims were identified as Rohit Chandilya (32), a private sweeper who worked at the complex, and Ashok (aged between 28 and 30 years), a guard with the DDA who tried to rescue Chandilya.

The youngest of three brothers, Chandilya worked in various pockets around Loknayak Puram. Speaking to *The Indian Express* at the Sanjay Gandhi Memorial Hospital (SGM) mortuary, where the family was waiting to receive the body, Chandilya's elder brother Rakesh Kumar said: "My friend called at 2 pm yesterday and told me Rohit had died while cleaning a sewer. I told him that he was mistaken, as my brother does not clean sewers for a living; he was a sweeper... I kept calling my brother's phone, but he did not pick up. His death was confirmed in the evening, when we reached his home in Bakkarwala."

His cousin, Poonam, alleged: "Our brother was asked to enter the sewer without any safety equipment. *Usne kapde jo pehne the woh bhi utaar ke gaya hain.* Action should be taken against whoever is responsible for this incident."

Rohit is survived by his wife and three-year-old son, added his second brother, Deepak Kumar. "He moved to Bakkarwala five years ago after he got married and was living on rent in a JJ colony."

